# केन्द्रीय विद्यालय संगठन, भोपाल संभाग SET-2
# प्रथम पूर्व परिषदीय परीक्षा (2025-26)

**पूर्णांक – 80** **कक्षा-दसवीं**

**विषय – हिन्दी 'अ' (002)** **समय – 3 घंटे**

*सामान्य निर्देश:-*

- *कृपया प्रश्नों के उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न के क्रमांक स्पष्ट रूप से अवश्य लिखें।*
- *इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड हैं– क, ख, ग और घ। यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*
- *खंड 'क' में कुल 2 प्रश्न दिए गए हैं। सभी उपप्रश्नों को करना अनिवार्य हैं।*
- *खंड 'ख' में कुल 4 प्रश्न दिए गए हैं। सभी प्रश्न अतिलघूत्तरात्मक हैं। निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
- *खंड 'ग' में कुल 4 प्रश्न दिए गए हैं। निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर पूर्ण व सुंदर अक्षरों में लिखें।*

## खंड- क: अपठित बोध (14 अंक)

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (7 अंक)

भारत में चावल एक प्रमुख खाद्य फसल है, जिसका उत्पादन लगभग हर राज्य में होता है। यह खरीफ की फसल मानी जाती है. जिसे मानसून के मौसम में बोया जाता है और सर्दियों में काटा जाता है। चावल का उत्पादन भारतीय अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। चावल मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पंजाब और ओडिशा जैसे राज्यों में अधिक मात्रा में उगाया जाता है। भारत विश्व में चावल उत्पादन में दूसरे स्थान पर है. और इसकी प्रमुख किस्मों में बासमती और नॉन-बासमती शामिल है। बासमती चावल अपनी सुगंध और स्वाद के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है।

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) ने भारत में चावल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई परियोजनाओं को शुरू किया है। जिनका उद्देश्य आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देना है। इसमें जल संसाधनों के उचित प्रबंधन बेहतर बीजों का उपयोग, और किसानों को प्रशिक्षण देकर उत्पादन को बढ़ाने पर जोर दिया जाता है। चावल की खेती बड़े पैमाने पर सिचाई पर निर्भर करती है. इसलिए जल संसाधनों का सही उपयोग अत्यधिक आवश्यक है। भारत में लाखों किसान और श्रमिक चावल की खेती से जुड़े हैं, जिनकी आजीविका इस फसल से चलती है। चावल की खेती में अधिक श्रम की आवश्यकता होती है, क्योंकि इसकी रोपाई से लेकर कटाई तक का काम श्रमिकों द्वारा हाथ से किया जाता है।

(I) निम्नलिखित कथन और कारण पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए। 1

कथन (A) भारत में चावल की खेती खरीफ की फसल के रूप में होती है।

कारण (B) चावल की फसल मानसून के मौसम में बोई जाती है और सर्दियों में काटी जाती है।

क. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (B) सही है।

ख. कथन (A) और कारण (B) दोनों ही गलत है।

ग. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

घ. कथ्नन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(II) “भारत में चावल एक प्रमुख फसल है।” कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए: 1

I. यह खरीफ की फसल है।

II. इसका उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है।

III. यह खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

IV. इसे बहुत कम पानी की आवश्यकता होती है।

विकल्प

क. कथन I और II सही हैं

ख. कथन I, II, III और IV सही हैं

ग. कथन I, II और III सही है

घ. केवल कथन IV सही है

(III) नीचे दिए हुए कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए। 1

| | **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** |
|---|---|---|---|
| 1 | भारत का सबसे बड़ा चावल उत्पादक राज्य | I | उत्तर प्रदेश |
| 2 | भारत में दूसरा सबसे बढ़ा चावल उत्पादक राज्य | II | पश्चिम बंगाल |
| 3 | भारत में चावल की खेती का प्रमुख राज्य | III | पंजाब |

क. 1 (II) 2 (III) 3 (I)

ख. 1 (I) 2 (III) 3 (II)

ग. 1 (II) 2 (I) 3 (III)

घ. 1 (III) 2 (I) 3 (II)

(IV) जल संसाधनों का सही उपयोग क्यों आवश्यक है? 2

(V) चावल की खेती में अधिक श्रम की आवश्यकता क्यों होती है? 2

2. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (7अंक)

चीटियाँ अंडे उठाकर जा रही हैं, | और चिड़ियाँ नीड़ को चारा दबाए, |

धान पर बछड़ा रँभाने लग गया है,
टकटकी सूने विजन पथ पर लगाए,
थाम आँचल, थका बालक रो उठा है,
है खड़ी माँ शीश का गट्ठर गिराए,
बाँह दो चमकारती-सी बढ़ रही हैं,
साँझ से कह दो बुझे दीपक जलाए।
शोर डैनों में छिपाने के लिए अब,
शोर माँ की गोद जाने के लिए अब,
शोर घर-घर नींद रानी के लिए अब,
शोर परियों की कहानी के लिए अब,
एक मैं ही हूँ कि मेरी साँझ चुप है,
एक मेरे दीप में ही बल नहीं है,
एक मेरी खाट का विस्तार नभ-सा,
क्योंकि मेरे शीश पर आँचल नहीं है।

I. कवि को सर्वाधिक दुःख है कि- 1

क. उसकी माँ नहीं है
ख. चींटियाँ अंडे उठाकर जा रही हैं
ग. चिड़ियों का घोंसला नहीं है।
घ. उपर्युक्त सभी

II. काव्यांश में किसके प्रति प्रेम अभिव्यक्त किया गया है? 1

क. जानवरों के प्रति
ख. चींटियों के प्रति
ग. प्रकृति के विभिन्न जीवों का अपनी संतानों के प्रति
घ. इनमें से कोई नहीं

III. **कथन (A)** कवि को लगता है कि एक उसी की साँझ चुप है।
**कारण (R)** कवि के पास माँ नहीं है।
क. कथन A गलत है, किंतु कारण R सही है।
ख. कथन A और कारण R दोनों गलत हैं।
ग. कथन A और कारण R दोनों सही हैं तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या है।
घ. कथन A और कारण R दोनों सही हैं, परंतु कारण R कथन A की सही व्याख्या नहीं है

IV. किन घटनाओं को देखकर कवि को अपनी माँ याद आती है? 2

V. "साँझ से कह दो बुझे दीपक जलाये" पंक्ति का क्या आशय है ? 2

## खंड- ख: व्यावहारिक व्याकरण (16 अंक)

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार** के उत्तर दीजिए- (1x4=4)

क. ऐसा कोई नहीं जो कुश्ती में प्रमोद को हरा सके। (रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए)
ख. वर्षा होते ही मोर नाचने लगे। (मिश्र वाक्य में बदलिए)
ग. एक साल पहले बने कॉलेज में शीला अग्रवाल की नियुक्ति हुई। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

घ. एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है । (आश्रित उपवाक्य पहचानिए और उसका भेद भी लिखिए)
ङ. हुड़दंग तो इतना मचाया कि कॉलेज वालों को थर्ड-ईयर भी खोलना पड़ा। (रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए)

4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार** के उत्तर दीजिए- (1x4=4)

क. अध्यापक द्वारा कक्षा का जायजा लिया गया। वाक्य में प्रयुक्त वाच्य है।
ख. बीमारी के कारण वह यहाँ न आ सका। (भाववाच्य में बदलिए)
ग. हमसे इतनी तकलीफ सही नहीं जाती। (कर्तृवाच्य में बदलिए)
घ. वह गिने-चुने फ्रेमों को नेताजी की मूर्ति पर फिट कर देता है। (कर्मवाच्य में बदलिए)
ङ 'मोहल्ले भर के ढेर सारे बच्चों की मंडली जल्द ही जुट जाती है।' (वाच्य पहचानिए)

5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार** के रेखांकित पदों का परिचय दीजिए- (1x4=4)

क. सावन के महीने में हरियाली मनोरम लगती है।
ख. मुझे भूख लगी तो मैंने सेब खाया ।
ग. यह पुस्तक मेरी है।
घ. वह सबसे मुस्कराकर मिलता है।
ङ. शीला जी एक बेहतरीन अध्यापिका थी।

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से **किन्हीं चार** काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार की पहचान कीजिये- (1x4=4)

क. 'ऊषा सुनहरे तीर बरसाती, जय लक्ष्मी सी उदित हुई।' काव्यांश में प्रयुक्त अलंकार है -
ख. 'छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू' पंक्ति में कौनसा अलंकार है?
ग. 'बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की' पंक्ति में कौनसा अलंकार है?
घ. 'तुम्ह तौ काल हाँक जनु लावा' में अलंकार है-
ङ. 'मानो हवा के वेग से सोता हुआ सागर जगा' में अलंकार है-

**खंड- ग: क्षितिज एवं कृतिका (30 अंक)**

7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर हेतु दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए। (5x1=5)

पेट भरने और तन ढकने की इच्छा मनुष्य की संस्कृति की जननी नहीं है। पेट भरा और तन ढका होने पर भी ऐसा मानव जो वास्तव में संस्कृत है, निठल्ला नहीं बैठ सकता। हमारी सभ्यता का एक बड़ा अंश हमें ऐसे संस्कृत आदमियों से ही मिला है, जिनकी चेतना पर स्थूल भौतिक कारणों का प्रभाव प्रधान रहा है, किंतु उसका कुछ हिस्सा हमें मनीषियों से भी मिला है, जिन्होंने तथ्य-विशेष को किसी भौतिक प्रेरणा के वशीभूत होकर नहीं,

बल्कि उनके अपने अंदर की सहज संस्कृति के ही कारण प्राप्त किया है। रात के तारों को देखकर न सो सकने वाला मनीषी हमारे आज के ज्ञान का ऐसा ही प्रथम आविष्कर्ता था।

क. संस्कृति क्या है? निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

I. सभ्यता के लिए आवश्यक भावना
II. सभ्यता के लिए आवश्यक योग्यता
III. सभ्यता की जननी

**कूट**

क. केवल I सही है
ख. I व III सही हैं
ग. II व III सही हैं
घ. केवल III सही है

ख. संस्कृत व्यक्ति की कौन-सी विशेषताएँ गद्यांश में बताई गई हैं?

I. उसका पेट भरा होता है
II. तन ढका होने पर भी वह खाली नहीं बैठता
III. वह आविष्कर्ता था

**कूट**

क. केवल II सही है
ख. केवल III सही है
ग. I व II सही हैं
घ. II व III सही हैं

ग. **कथन (A)-** रात के तारों को देखकर न सो सकने वाले मनीषी को प्रथम आविष्कर्ता कहा गया है।

**कारण (R)-** वह निठल्ला नहीं बैठ सकता।

क. कथन A गलत है, किंतु कारण R सही है।
ख. कथन A और कारण R दोनों गलत हैं।
ग. कथन A और कारण R दोनों सही हैं तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या है।
घ. कथन A और कारण R दोनों सही हैं, परंतु कारण R कथन A की सही व्याख्या नहीं है

घ. पेट भरना या तन ढँकना मनुष्य की संस्कृति की जननी क्यों नहीं है?

क. यह मज़बूरी के कार्य हैं
ख. यह मूलभूत आवश्यकता है
ग. पेट भरे होने पर व्यक्ति आलसी हो जाता है

घ. तन ढँकना विलासिता की बात है

ङ. मनीषी किसे कहा गया है?

क. बुद्धिमान को

ख. वैज्ञानिक को

ग. आविष्कर्ता को

घ. चिंतनशील को

8. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। (3X2=6)

क. पुत्र की मृत्यु के अवसर पर भगत अपनी पतोहू को परंपरा से हटकर कौन-सा कार्य करने को कह रहे थे और क्यों?

ख. जब तक हालदार साहब ने कैप्टन को साक्षात देखा नहीं था तब तक उनके मानस पटल पर उसका कौन-सा चित्र रहा होगा, अपनी कल्पना से लिखिए।

ग. क्या सनक का कोई सकारात्मक रूप हो सकता है? यदि हाँ तो ऐसी सनकों का उल्लेख कीजिए।

घ. उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ काशी विश्वनाथ जी के प्रति अपार श्रद्धा रखते हैं, स्पष्ट कीजिए।

9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर हेतु दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए। (5X1=5)

एक के नहीं, दो के नहीं,
ढेर सारी नदियों के पानी का जादूः
एक के नहीं, दो के नहीं,
लाख-लाख कोटि-कोटि हाथों के स्पर्श की गरिमा
एक की नहीं, दो की नहीं,
हजार-हजार खेतों की मिट्टी का गुण धर्म

क. फसल के उगने में किसका योगदान रहता है?

I. अनेक व्यक्तियों के शारीरिक परिश्रम का

II. नदियों के जल का

III. खेतों की मिट्टी के गुणधर्म का

**कूट**

क. केवल II सही है

ख. केवल III सही है

ग. I, II व III सही हैं

घ. II व III सही हैं

ख. 'कोटि-कोटि हाथों के स्पर्श की गरिमा' से क्या अभिप्राय है?

क. किसानों के शारीरिक परिश्रम द्वारा फसल निर्माण से

ख. हाथों द्वारा बीजों को मिट्टी में रोपित करने से

ग. मशीनों के स्थान पर मानव श्रम को ही महत्त्व देने से

घ. इनमें से कोई नहीं

ग. 'एक के नहीं, दो के नहीं' पंक्ति की आवृत्ति क्यों की गई है?

I. सामूहिकता के भाव को प्रकट करने के लिए

II. गणना करने के लिए

III. आलंकारिकता के लिए

IV. आवृत्ति भाव उत्पन्न करने के लिए

**कूट**

क. केवल I सही है

ख. केवल II सही है

ग. I व IV सही हैं

घ. II व III सही हैं

घ. 'फसल' कविता में कवि ने किस विषय के बारे में बताया है?

क. फसल उत्पादन में मिट्टी की गुणवत्ता के सहयोग के विषय में

ख. प्रकृति और मानव के परस्पर सहयोग के विषय में

ग. किसानों के परिश्रम के विषय में

घ. फसल उत्पादन में आवश्यक कारक तत्वों के विषय में

ङ. **कथन (A)-** फसल की पैदावार नदियों के पानी के जादू के कारण होती है?

**कारण (R)-** मिट्टी में इतनी क्षमता नहीं होती।

क. कथन A गलत है, किंतु कारण R सही है।

ख. कथन A और कारण R दोनों गलत हैं।

ग. कथन A और कारण R दोनों सही हैं तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या है।

घ. कथन A सही है, परंतु कारण R उसकी सही व्याख्या नहीं करता है

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। (3X2=6)

क. "शक्ति और साहस के साथ विनम्रता हो तो अच्छा प्रभाव पड़ता है" -इस कथन पर अपने विचार पाठ 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद के आधार पर दीजिये।

ख. कविता का शीर्षक 'उत्साह' क्यों रखा गया है? 'उत्साह' कविता के आधार पर लिखिए।

ग. किसी भी क्षेत्र में प्रसिद्धि पाने वाले लोगों को अनेक लोग तरह-तरह से अपना योगदान देते हैं। कोई एक उदाहरण देकर इस कथन पर अपने विचार लिखिए। 'संगतकार' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

घ. भाव स्पष्ट कीजिए- "छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात।"

11. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए।    (2X4=8)

क. 'माता का अंचल' पाठ में बच्चों की जो दुनिया रची गई है वह आपकी बचपन की दुनिया से किस प्रकार भिन्न है ?

ख. गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा गया है ?

ग. मैं क्यों लिखता हूँ ? पाठ के आधार पर लेखक ने अपने आपको हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया ?

## खंड- घ : रचनात्मक लेखन (20 अंक)

12. निम्नलिखित तीन विषयों में से **किसी एक** विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए-(6)

**क. याद आता है विद्यालय का प्रांग़ण**

संकेत बिंदु:-

- विद्यालय की मस्ती
- कक्षा की पढ़ाई
- मित्रों का साथ

**ख. संघर्ष की परिणति विजय**

संकेत बिंदु:-

- संघर्षशील जीवन
- चुनौती और संघर्ष
- विजय की खुशी

**ग. समाचार-पत्र के नियमित पाठन का महत्व**

संकेत बिंदु:-

- ज्ञान का भंडार
- पढ़ने की आदत का विकास
- जागरूकता

13. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।    (5)

स्वरचित कविता प्रकाशित करवाने का अनुरोध करते हुए किसी समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

**अथवा**

आप राहुल गर्ग हैं, आप छात्रावास में रहते हैं। आपको पिताजी से पता चला कि आपका छोटा भाई धूम्रपान करता है। इस व्यसन के दोषों का उल्लेख करते हुए तथा उसे इससे मुक्त होने की सलाह देते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

14. अपने आपको डॉ. मनीष / मनीषा आहूजा मानते हुए जिला चिकित्सालय में चिकित्सक पद हेतु आवेदन करने के लिए एक स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए। (5)

**अथवा**

वन-महोत्सव के अवसर पर आप पौधारोपण करना चाहते है। नगर निगम के उद्यान अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखकर पौधों की व्यवस्था करने का आग्रह किया गया हो।

15. कश्मीर की पश्मीना शालों की बिक्री हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए । (4)

**अथवा**

आप रितिक / रितिका चौहान हैं। आपके विद्यालय के प्राचार्य को राज्य सरकार द्वारा कुशल प्रबंधन के लिए 'उत्कृष्ट प्रशासक' का पुरस्कार दिया गया है, इस अवसर पर उन्हें बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक शुभकामना-संदेश लिखिए।

==================================================